
**पाठ 1**





संचय और संचिता ने अपनी गुल्लक तोड़ी। गुल्लक टूटने पर अलग-अलग नोट और सिक्के मिले। उन्होंने गिनना शुरू किया। गुल्लक मंे से कुल 9999 रुपये मिले।

संचय ने कहा कि आज पापा ने मुझे 1 रुपये का सिक्का दिया है। इसे भी मिलाने पर अब कुल कितने रुपये हो जाएंगे !
दोनों ने जोड़ना शुरू किया -
9999 + 1 = 10000
संचिता ने कहा ''अब हमारे पास 10000 रुपये हो गये''




*इसे पढ़ते हैं दस हज़ार*

आओ अब 10000 की संख्या को गिनतारे पर प्रदर्शित करें-



आओ इसे भी पढ़ते हैं – **45937**

पैंतालिस हजार नौ सौ सैंतीस

| दह | ह | सै | द | इ |
|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 9 | 3 | 7 |

**स्वयं पढ़ो –**

- 34567
- 99999

अब 99999 में 1 जोड़ते हैं –

| ला. | द.ह. | ह. | सै. | द. | इ. |
|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| | | | | + | 1 |
| 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

इसे पढ़ते हैं– एक लाख

आओ अब 100000 की संख्या को गिनतारे पर प्रदर्शित करें–

ला. द.ह. ह. सै. द. इ.

**स्वयं करो – इन्हें भी पढ़ो और गिनतारे पर प्रदर्शित करो –**

- 214356
- 786117

ला. द.ह. ह. सै. द. इ.

ला. द.ह. ह. सै. द. इ.

किसी संख्या को पढ़ते समय जैसे इकाई व दहाई के अंकों को मिलाकर पढ़ते हैं वैसे ही हजार व दस हजार के अंकों को भी एक साथ मिलाकर पढ़ते हैं जबकि सैकड़े के अंक को अकेले ही पढ़ा जाता है।

6-6 बच्चों के दो समूह बना लें। दोनों समूह के प्रत्येक बच्चे को अलग-अलग काँच की गोलियाँ (कंचे) दें। प्रथम समूह का प्रत्येक बच्चा प्राप्त किए हुए कंचों की संख्या को श्यामपट्ट पर क्रमशः इकाई, दहाई, सैकड़ा... के स्थान के नीचे लिखे।

जैसे- प्रथम समूह का पहला बच्चा 7 कंचे पाता है, तो इकाई के नीचे 7 लिखेगा, दूसरा बच्चा 5 कंचे पाता है तो दहाई के नीचे 5 लिखेगा। इसी क्रम में समूह के सभी बच्चे लिखते जायेंगे।

पहले समूह ने संख्या बनाई- 462357

इसी प्रकार दूसरे समूह का पहला बच्चा अपने प्राप्त कंचों की संख्या को इकाई स्थान पर, फिर क्रमशः दूसरा, तीसरा, चैथा बच्चा.... अपने अंकों को दहाई, सैकड़ा, हजार... के स्थान पर लिखता जाएगा।

दूसरे समूह ने संख्या बनाई- 764532

| पहला समूह | | | | | | दूसरा समूह | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला. | द.ह. | ह. | सै. | द. | इ. | ला. | द.ह. | ह. | सै. | द. | इ. |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 7 | 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 |

समूहों द्वारा प्राप्त संख्याओं को बच्चे पढ़ें और अपनी कॉपी पर शब्दों में लिखें।

**देखो और समझो-**

| संख्याएँ | | लाख | दस हजार | हजार | सैकड़ा | दहाई | इकाई |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक अंक की | सबसे छोटी संख्या | | | | | | 1 |
| | सबसे बड़ी संख्या | | | | | | 9 |
| दो अंकों की | सबसे छोटी संख्या | | | | | 1 | 0 |
| | सबसे बड़ी संख्या | | | | | 9 | 9 |
| तीन अंकों की | सबसे छोटी संख्या | | | | 1 | 0 | 0 |
| | सबसे बड़ी संख्या | | | | 9 | 9 | 9 |
| चार अंकों की | सबसे छोटी संख्या | | | 1 | 0 | 0 | 0 |
| | सबसे बड़ी संख्या | | | 9 | 9 | 9 | 9 |
| पाँच अंकों की | सबसे छोटी संख्या | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | सबसे बड़ी संख्या | | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |
| छः अंकों की | सबसे छोटी संख्या | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | सबसे बड़ी संख्या | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 |

ऊपर की तालिका को देखकर बताओ -

- एक अंक की सबसे छोटी संख्या कौन सी है ? ...............................................
- दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या कौन सी है ? ................................................
- तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या लिखो। .......................................................
- 999999 कितने अंकों की सबसे बड़ी संख्या है ? ..........................................
- 10000 कितने अंकों की सबसे छोटी संख्या है ? ...........................................

स्थानीय मान (PLACE VALUE)

देखो और समझो:

ला. द.ह. ह. सै. द. इ.

संख्या 5 7 2 8 2 5

- इस संख्या में 5 कितनी बार आया है ?
- दोनों 5 किस-किस स्थान पर हंै ?
- इकाई और लाख के स्थान पर लिखे 5 के मान में कोई अन्तर है ?

हाँ, यह अन्तर उनके स्थानीय मान के कारण है।

इकाई के स्थान पर आने वाले 5 का स्थानीय मान 5 ग 1 = 5
लाख के स्थान पर आने वाले 5 का स्थानीय मान 5 ग 100000 = 500000
इसे इस प्रकार भी दर्शाया जा सकता है- 5 7 2 8 2 5

| 5x100000 = 500000 | 5 x 1 = 5 |
|---|---|

- संख्या 630581 में 3 का स्थानीय मान ..................................
- संख्या 842310 में 8 का स्थानीय मान ..................................
- संख्या 703215 में 0 का स्थानीय मान ..................................

**इसे भी जानो–**

किसी भी अंक का अंकित मान ( Face Value) उस अंक के मान के बराबर ही होता है तथा स्थान बदलने पर भी नहीं बदलता है जबकि स्थानीय मान स्थान बदलने पर बदल जाता है। जैसे–  **5 4 2 3 5**

अंकित मान = 2  स्थानीय मान = 200

**विस्तारित रूप (Expanded Form)**

**आओ इसे देखें –**

723546

इसे पढ़ते हैं –

सात लाख तेइस हजार पाँच सौ छियालीस

इसे ऐसे भी लिखते हैं –

7 लाख + 2 दस हजार + 3 हजार + 5 सैकड़ा + 4 दहाई + 6 इकाई।

या 7 x 100000 + 2 x 10000 + 3 x 1000 + 5 x 100 + 4 x 10 + 6 x 1

या 700000+20000+3000+500+40+6, संख्या 723546 का विस्तारित रूप है।

**अब देखकर बताओ –**

- 7 लाख में कितने शून्य हैं ? ...............................
- 3 हजार में कितने शून्य हैं ? ...............................
- 5 सौ में कितने शून्य हैं ? ...............................

**हम सीख गए**

- पाँच और छः अंकों की संख्या को पढ़ना व लिखना।
- पाँच और छः अंकों की संख्याओं के अंकों का स्थानीय मान निकालना।
- पाँच और छः अंकों की संख्याओं को विस्तारित रूप में लिखना।

*शिक्षक संख्याओं के विस्तारित रूप की समझ बनाते समय बनने वाले पैटर्न पर बच्चों से चर्चा करें।*

**अभ्यास**

**1. दी गयी संख्याओं को गिनतारे पर दर्शाओ –**

(क) 45792    (ख) 742897 

**2. खाली जगहों को भरो –**

(क) 2865 = ☐ हजार + ☐ सैकड़ा + ☐ दहाई + ☐ इकाई

(ख) 84362 = 8☐ + 4☐ + 3☐ + 6☐ + 2☐

(ग) 976781=☐लाख+☐दस हजार+☐हजार+☐सैकड़ा+☐दहाई+☐इकाई

(घ) 786232 = 7☐ +8☐ +6☐ +2☐ +3☐ +2☐

**3. अंकों में लिखो –**

(क) छः हजार चार सौ तीस = ..............................................
(ख) तिरपन हजार सात सौ एक = ..............................................
(ग) आठ हजार तेरह = ..............................................
(घ) आठ लाख बासठ हजार पाँच सौ तिरसठ = ..............................................

**4. नीचे लिखी संख्याओं को शब्दों में लिखो–**

(क) 3576 ..............................................................
(ख) 7805 ..............................................................
(ग) 65018 ..............................................................
(घ) 87923 ..............................................................
(च) 465347 ..............................................................
(छ) 589835 ..............................................................

5. सही संख्या के सामने बने वृत्त को काला करो -
(क) दो हजार तीन सौ एक 231 2300 2301
(ख) पाँच हजार छप्पन 5056 556 5506
(ग) उनहत्तर हजार सात सौ दस 69701 79710 69710

(घ) अठहत्तर हजार एक 7800 78001 78100

6. संख्याओं का विस्तारित रूप लिखो -

(क) 63574 ......... ़ ......... ़ ......... ़ ........ ़ ........

(ख) 49763 ......... ़ ......... ़ ......... ़ ........ ़ ........

(ग) 77934 ......... ़ ......... ़ ......... ़ ........ ़ ........

(घ) 438325 ......... ़ ......... ़ ......... ़ ........ ़ ........ ़ ........

(च) 185039 ......... ़ ......... ़ ......... ़ ........ ़ ........ ़ ........

7. रेखांकित अंकों का स्थानीय मान लिखो -

(क) 9 6 7 4 3 ..........................

(ख) 8 5 4 3 2 ..........................

(ग) 4 6 0 7 8 ..........................

(घ) 5 4 3 2 1 8 ..........................

8. 99999 में प्रत्येक अंक का स्थानीय मान लिखो।

9. पाँच अंकों की संख्या में किसी अंक का स्थानीय मान एक स्थान पर 80000 है। इसी अंक का मान दूसरे स्थान पर 800 है। वह अंक संख्या में किस-किस स्थान पर है